# रिवीजन टेस्ट पेपर – 2020–21
## कक्षा 12 वीं
## विषय – हिन्दी विशिष्ट

**पूर्णांक – 100**

**निर्देशः–**

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**प्रश्न 1– रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन करके कीजिएः–** **1X4= 4**

(1) चिन्तन के क्षेत्र में जो अद्धैतवाद है, वही भावना के क्षेत्र में ................ है। (रहस्यवाद / छायावाद)
(2) भय जब स्वभावगत हो जाता है तब...................... कहलाता है। (कायरता / पराजय)
(3) गौरा को किसी ने ..................... से लपेटकर सुई खिला दी। (शक्कर / गुड़ में)
(4) वाक्य के प्रमुख गुण ..................... होते है। (दो / तीन)

**प्रश्न 2– निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प का चयनकर लिखिये :–** **1X4= 4**

(अ) हिन्दी कविता का जागरण काल माना जाता है–
(1) भारतेन्दु युग को (2) द्विवेदी युग को

(ब) 'नये मेहमान आये थे–
(1) लखनऊ से (2) बिजनोर से

(स) हिंदुओं के पवित्र चार धाम इस राज्य में है –
(1) उत्तरप्रदेश (2) उत्तराखण्ड

(छ) 'मुंह' उतरना का अर्थ है।
(1) डर जाना (2) उदास होना

**प्रश्न 3– निम्नलिखित कथनों के सत्य / असत्य छॉटिएः–** **1X4= 4**

(1) बच्चे लाइन में जाएँगे। यह सरल वाक्य है।
(2) क्रोध का प्रभाव से प्रसन्नता आती है।
(3) प्रताप नामक समाचार पत्र का प्रकाशन लखनऊ नगर से आरम्भ हुआ।
(4) क्या आप खाना खा लिये है। आक्य अशुद्ध है।

**प्रश्न 4– सही जोड़ी मिलाइयेः–** **1X4= 4**

| | |
|---|---|
| (1) साध्य | (क) महादेवी वर्मा |
| (2) वापसी | (ख) असाध्य |
| (3) गौरा | (ग) उषाप्रियंवदा |
| (4) 'दॉत खट्टे करना' का अर्थ है। | (घ) खण्डकाव्य |
| | (य) परास्त करना |
| | (र) डॉ0 रामकुमार वर्मा |
| | (ल) भगवती चरण वर्मा |

**प्रश्न 5– निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक का एक शब्द अथवा एक वाक्य में उत्तर दीजिएः–** **1X4= 4**

(1) घर के पडोस में रहने वाले लोग क्या कहलाते है?
(2) देवप्रयाग में अलकनदा के पानी का रेग कैसा है ?

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

(3) भारत की राष्ट्रभाषा कौन सी है?
(4) ओज गुण से युक्त कोई दो पक्तियॉ लिखिए।

**प्रश्न 6– आधुनिक काल को कितने युगो में विभाजित किया गया है।** **2**

अथवा

छायावादी कविता की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**प्रश्न 7– रहस्यवाद तथा छायावाद में अन्तर बताइये।** **2**

**अथवा**

**प्रगतिवादी काव्य का परिचय दीजिए।**

**प्रश्न 8– केशवदास जी द्वारा रचित वन्दना में किस किस की वन्दना की गई है?** **2**

अथवा

चन्द्रमा को किसने कलंक कर अपने सिर पर धारण किया ?

**प्रश्न 9– मैया मै नाहीं दधि खायो। कोन जिससे क्या कह रहा है स्पष्ट कीजिए।** **2**

अथवा

मैया कबहि व दैयी चोरी। कोन किससे पूछ रहा है और किस भाव के होकर

**प्रश्न 10– हमको लिखयो है कहा गोपियॉ यह प्रश्न किससे पूछ रही है।** **2**

अथवा

उधव की अकह कहानी को सुनकर गोपियों की दसा का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 11– मय पाठ के लेखक का नाम लिखते हुए यह गद्य की कौन सी विद्या है लिखिए।** **2**

अथवा

नाटक के प्रमुख तत्व लिखिए?

**प्रश्न 12– रिपोर्ताज की विशेषताऍं लिखिए।** **2**

अथवा

कहानी और उपन्यास में काई दो अन्तर बताइये।

**प्रश्न 13– गजाधर बाबू के लिए मधुर संगीत क्या था?** **2**

अथवा

रेवती अपने घर को जेलखाना क्यों कहती है?

**प्रश्न 14– उत्तराखंड के चारो धाम किन चार पवित्र नदियों के किनारे स्थित है।** **2**

अथवा

गोरा किसकी गाय थी उसके बछड़े का क्या नाम था?

**प्रश्न 15– निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए–** **2**

**1. मैने कल पुस्तकें खरीदूंगा।**
**2. वे वीर है।**

अथवा

रचना के अनुसार वाक्य के भेद लिखिए।

**प्रश्न 16– छंद की परिभाषा देते हुए उसके भेद बताइए।** **2**

अथवा

अलंकार की परिभाषा देते हुए उसके भेद बताइए।

**प्रश्न 17– कानपुर में किन–किन साहित्यकारों से भगवतीचरण वर्मा की मित्रता हुई थी।** **2**

अथवा

ज्योतिमठ के विषय में संक्षिप्त जानकारी लिखिए।

**प्रश्न 18– राष्ट्रभाषा किसे कहते है? राष्टभाषा की कोई तीन विशेषताऍं लिखिए।** **2**

अथवा

इस भाषा और बोली में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 19– महाकाव्य एवं खण्ड काव्य में कोई तीन अंतर लिखिए।** **3**

अथवा

हास्य रस की परिभाषा देते हुए उदाहरण भी लिखिए।

**प्रश्न 20– बालक कृष्ण माता यशोदा से बलदाऊ को क्या शिकायत करते है।** **3**

अथवा

रत्नाकर की गोपियों के मन में कौन क्या है, उनके विचार स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 21– 'नाटक एवं एकांकी के चार अन्तर बताइये।** **3**

अथवा

रेखाचित्र और से स्मरण में क्या अंतर है लिखिए।

**प्रश्न 22– सूरदास अथ्वा घनानंद का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिदुओं के आधार पर लिखिये।3**

**1. दो रचनॉए 2 भाव पक्ष कला पक्ष 3. साहित्य मे स्थान**

**प्रश्न 23–आचार्य रामचंद्र शुक्ल अथवा उषा प्रियंवदा का साहित्यक परिचन निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए।** **3**

**(i) दो रचनॉए (ii) भाषा शैली (iii) साहित्य में स्थान**

**प्रश्न 24–निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **3**

यही थी क्या उनकी पत्नी, जिसके हाथों में कोमल स्पर्श, जिसकी मुस्कान की याद मे उन्हों सम्पूर्ण जीवन काट दिया था? उन्हें लगा कि वह लावण्यमयी युवती जीवन की राह में कही खो गइ है, और उसकी जगह आज जो स्त्री है वह उनके मन और प्राणों के लिए नितान्त अपरिचिता है।

अथवा

''सभ्यता की वर्तमान स्थिति में एक व्यक्ति को दूसरे से वैसा भय तो नहीं रहता जैसे पहले रहा करता था, पर एक जाति को दूसरी जाति, एक देश को दूसरे देश से, भय के स्थायी कारण प्रतिष्टित हो गए है। सबल, और निर्बल देशों के बीच अर्थ शोषण की प्रक्रिया अनवरत चल रही है, एक क्षण का विराम नहीं है।''

**प्रश्न 25– निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए।** **3**

'' बानी जगरानी की उदारता बरवानी जाइ,
ऐसी मति उदित उदार कौन की भई।
देवता प्रसिद्ध सिद्ध रिषिराज तपबृद्ध,
कहि–कहि हारे सब कहि न काहू लई ।''

**अथवा**

''कारी करि कोकिल। कहॉ को बैर काढति री,
कूकि कूकि अबहों करे जो किन कोरि लै।
पैडे परे पापी ये कलापी निसि–द्योस ज्यों ही,
चातक! रे घातक है, तू हू कान कोरि लै।।''

**प्रश्न 26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **3**

**''मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से अलग उसके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परिचित तो बहुत होते है पर मित्र बहुत कम हो पाते है क्योंकि मैत्री एक ऐसा गांव है जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है परस्पर विश्वास मित्र एक ऐसा सखा। गुरू क्या माता है जो, सबके स्थानों को पूर्ण करता है।**

**1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।**

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

2. मनुष्य एक कैसा प्राणी है।
3. मित्र किस किस के स्थानों की पूर्ति करता है।
4. मित्रता के लिए किस बात की आवश्यकता है।

प्रश्न–27नगर निगम अध्यक्ष को शिकायत पत्र लिखिये जिसमें मोहल्ले की नियमित सफाई न होने की बात कही गई हो। 4

अथवा

अपने बड़े भाई के विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिये।

प्रश्न 28– निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए एक किसी विषय पर रूप रेखा लिखिए। 5

1. महँगाई की समस्या।
2. स्वच्छ भारत अभियान
3. अनुशासन का महत्व
4. हमारा घर हमारा विद्यालय
5. पर्यावरण प्रदूषण
6. कोरोना वायरस एक वैश्विक महामारी
7. मेरी प्रिय पुस्तक

———XXX———

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website